# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर

पत्रांक– 3405 /मीरजापुर/15, दिनांक अप्रैल 27 2023

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।

विषय– जनपद–मीरजापुर,तहसील–चुनार अन्तर्गत प्रस्तावित चुनार–जंगलमोहाल बाया बड़ागॉव, धौहा सम्पर्क मार्ग निर्माण से मीरजापुर वन प्रभाग के चुनार रेंज अन्तर्गत ग्राम–जंगलमोहाल उत्तरी में प्रभावित क्षेत्रफल 0.09 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु वन(संरक्षण)अधिनियम 1980 के तहत् अनुमति प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ– कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड–2, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर का पत्रांक–903/1–सी , दिनांक 26.04.2023 ।

महोदय,

जनपद–मीरजापुर,तहसील–चुनार अन्तर्गत प्रस्तावित चुनार–जंगलमोहाल बाया बड़ागॉव, धौहा सम्पर्क मार्ग निर्माण से मीरजापुर वन प्रभाग के चुनार रेंज अन्तर्गत ग्राम–जंगलमोहाल उत्तरी में प्रभावित क्षेत्रफल 0.09 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु वन(संरक्षण)अधिनियम 1980 के तहत् अनुमति प्रस्ताव के सम्बन्ध में ऑनलाइन प्रस्ताव संख्या–**FP/UP/approach / 144819 /2021** एवं ऑफलाइन प्रस्ताव 05 प्रतियों में अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड–2, लोक निर्माण विभाग ने अपने सन्दर्भित पत्र द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है।

प्रस्ताव का परीक्षणोपरान्त भाग–2 से सम्बन्धित विवरण पूर्ण करते हुये अपेक्षित सूचनाओं/संलग्नकों सहित भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के गाइड लाइन के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर संस्तुति सहित 05 प्रतियों में मय पेन ड्राइव सहित (05नग) आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर

**संख्या** 3405 **अ/समदिनांक**

1. प्रतिलिपि–अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड–2, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. प्रतिलिपि–उप प्रभागीय वनाधिकारी, चुनार को सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रतिलिपि–क्षेत्रीय वन अधिकारी, चुनार रेंज को इस आशय से प्रेषित कि विषयक प्रकरण में भारत सरकार/उ0प्र0 शासन द्वारा जब तक प्रस्तावित वन भूमि पर गैर वानिकी कार्य करने की अनुमति प्राप्त न हो जाय, वन भूमि पर कोई भी गैर वानिकी कार्य न होने दे, यह दायित्व आपका होगा।

प्रभागीय वनाधिकारी,
मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर